राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान

प्रशासनिक–प्रतिवेदन

परिचय

दृष्टिकोण

संस्थान का मुख्य दृष्टिकोण है - स्नातक, स्नातकोत्तर, पोस्ट-डॉक्टरल डिग्री स्तरों, आयुष नर्सिंग एवं फार्मेसी में डिप्लोमा पाठ्यक्रम, पंचकर्म चिकित्सा में विभिन्न अल्पकालिक पाठ्यक्रम तथा विदेशी मेडिकल एवं नॉन-मेडिकल पेशेवरों हेतु अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक पाठ्यक्रमों का संचालन, आयुर्वेद के विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षण एवं प्रशिक्षण, सामान्य जनता को विशिष्ठ चिकित्सा सहित श्रेष्ठ चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध कराना, आयुर्वेद के विभिन्न पहलुओं पर वैज्ञानिक अनुसंधान करना, आयुर्वेद के वैश्वीकरण तथा राष्ट्रीय महत्ता का संस्थान, तथा संस्थान को उत्कृष्टता का केन्द्र बनाने तथा डीम्ड विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त करने के स्तर पर संस्थान का उन्नयन करने में सहायता एवं योगदान प्रदान करना ।

लक्ष्य

- आयुर्वेद में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में ओर सुधार करना ।
- स्नातकोत्तर एवं फैलोशिप कार्यक्रमों का क्रियान्वयन तथा विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण प्रदान करना ।
- आयुर्वेद में रोगी परिचर्यात्मक गतिविधियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण प्रदान करने व आयुर्वेदिक उपचार की वैद्यता के क्रम में चिकित्सा में अभ्यास आधारित अनुसंधान का क्रियान्वयन करना।
- मानव जाति के कल्याण हेतु विभिन्न अनुसंधान गतिविधियाँ संचालित करना ।
- आयुर्वेद के बुनियादी ज्ञान तथा आयुर्वेद के उच्च ज्ञान में रूचि रखने वाले विदेशियों (मेडिकल एवं गैर-मेडिकल) हेतु विदेशी एक्सपोजर प्रशिक्षण कार्यक्रम ।
- आयुर्वेद में रुचि रखने वाले देशों को एमओयू के माध्यम से आयुर्वेद में विशेषज्ञता उपलब्ध कराना ।

कार्य

1. बीएएमएस, एम.डी./एम.एस.(आयुर्वेद) तथा पीएच.डी.(आयुर्वेद) की उपाधियाँ प्रदान करने हेतु स्नातक, स्नातकोत्तर तथा पीएच.डी. स्तर के कार्यक्रम व शिक्षण, प्रशिक्षण चलाना ।
2. अन्य राज्य-सरकारों की आवश्यकतानुरूप चिकित्साधिकारियों तथा आयुर्वेद के शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करना।
3. आयुर्वेदिक कंपांउडर/नर्सिंग में डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित करना ।
4. उन्नत एवं अद्यतन ज्ञान की प्राप्ति हेतु देश के शिक्षकों, चिकित्साधिकारियों, चिकित्सकों के लाभार्थ, आरओटीपी, सीएमई, टीओटी जैसे कार्यक्रमों का आयोजन करना ।

5. राष्ट्रीय स्तरीय संस्थानों तथा उन विदेशी राष्ट्रों के साथ सहयोगात्मक अनुसंधान को बढ़ावा देना जो कि अपने राष्ट्रों में आयुर्वेद को चिकित्सा की एक पद्धति के रूप में अंगीकार करने में वास्तविक रुचि रखते हैं।
6. विदेशी एक्सपोजर प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करना ।
7. विशिष्ठ उपचार, प्रशिक्षण एवं अनुसंधान के क्षेत्र में पीपीपी परियोजनाऐं चलाना ।
8. 300 शय्याओं युक्त आईपीडी एवं ओपीडी के माध्यम से आम जनता को आयुर्वेदिक उपचार प्रदान करना।
9. एससीपी-टीएसपी योजनान्तर्गत राजस्थान के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति बहुल क्षेत्रों में आयुर्वेदिक उपचार प्रदान करना ।
10. आरोग्य मेला, प्रदर्शनी आदि में सक्रिय भागीदारी करना ।
11. राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार एवं सम्मेलनों का आयोजन करना ।

उद्देश्य

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान आयुर्वेद के संवर्द्धन एवं विकास को बढ़ावा देने के लिए शिक्षण, प्रशिक्षण तथा रोगी परिचर्या के उच्च मानकों को विकसित करने के लिए एक मॉडल संस्थान के रूप में निम्न लक्ष्यों एवं उद्देश्यों हेतु आयुष मंत्रालय, भारत-सरकार के एक शीर्ष संस्थान के रूप में स्थापित किया गया है -

1. आयुर्वेद की अभ्युन्नति और विकास को गति देना ।
2. आयुर्वेद की सभी विधाओं में स्नातक और स्नातकोत्तरों को तैयार करना ।
3. आयुर्वेद के विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधानात्मक कार्य करना ।
4. पीड़ित मानवता को आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से स्वास्थ्य संरक्षण प्रदान करना ।
5. आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति में अनुसंधान, मूल्यांकन, प्रशिक्षण, परामर्श एवं मार्गदर्शन के लिये उच्चतम स्तर की सेवायें एवं सुविधायें प्रदान करना तथा उन्हें प्रदान करने में सहायता करना ।
6. आयुर्वेद की समस्त विधाओं में स्नातक एवं स्नातकोत्तर शिक्षा में प्रयोग करना तथा शिक्षण-पद्धतियों को विकसित करना ।

एक अवलोकन

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

संस्थान आयुर्वेद के संवर्द्धन एवं विकास को बढ़ावा देने के लिए शिक्षण, प्रशिक्षण तथा रोगी परिचर्या के उच्च मानकों को विकसित करने के लिए एक मॉडल संस्थान के रूप में पूर्व पैरा में अंकित लक्ष्यों एवं उद्देश्यों हेतु आयुष मंत्रालय, भारत-सरकार के एक शीर्ष संस्थान के रूप में स्थापित किया गया है ।

जयपुर शहर की स्थापना 288 वर्ष पूर्व की गई तथा इसी श्रृंखला में संस्थान की 150 वर्षो से भी अधिक पुरानी भव्य परम्परा है जब महाराजा संस्कृत महाविद्यालय, जयपुर में 1865 में आयुर्वेद विभाग ने कार्य करना प्रारम्भ किया तथा यह आयुर्वेद में जयपुर विचार दर्शन के नाम से लब्ध प्रतिष्ठित हुआ । राजस्थान-सरकार द्वारा अगस्त 1946 में एक स्वतन्त्र आयुर्वेदिक महाविद्यालय स्थापित किया गया तथा इस महाविद्यालय का फरवरी 1976 में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान का गठन करने हेतु इसमें विलय किया गया । जयपुर के तत्कालीन राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के सभी शैक्षणिक तथा गैर-शैक्षणिक स्टॉफ तथा उदयपुर के राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के सभी शैक्षणिक स्टॉफ की जांच कर संस्थान में समायोजित किया गया। सन् 1970 के प्रारम्भ में देश में आयुर्वेद में स्नातकोत्तर शिक्षा से परिचय कराने वाले कुछ आयुर्वेदिक महाविद्यालयों में से एक यह भी था ।

1976 में इसकी स्थापना होने के पश्चात, शिक्षा, प्रशिक्षण, शोध, रोगी परिचर्या आदि के क्षेत्रों में बेहतररूप से प्रगति की है जिसके परिणामस्वरूप इसमें अब, आयुष नर्सिंग एवं फार्मेसी में डिप्लोमा पाठ्यक्रम एवं स्नातक पाठ्यक्रम के अतिरिक्त, 14 विषयों में स्नातकोत्तर शिक्षा एवं नियमित फैलोशिप प्रोग्राम (पीएच.डी.) की सुविधा है।

अपने अस्तित्व के साथ ही यह लगातार चिकित्सा की आयुर्वेद पद्धति में राष्ट्रीय स्तर पर सुधारों और विकास को बढ़ावा देने में लगा हुआ है ।

संस्थान केन्द्रीय सरकार के अधीन न केवल शीर्ष संस्थान है अपितु आयुर्वेदिक शिक्षा के क्षेत्र में देश का एक अतुलनीय व श्रेष्ठ संस्थान है ।

संस्थान ने उत्कृष्ठ शिक्षण, प्रशिक्षण तथा रोगी परिचर्यात्मक गतिविधियों में ख्याति अर्जित की है तथा आयुर्वेद के क्षेत्र में स्नातक, स्नातकोत्तर, पोस्ट डॉक्टरल, डिप्लोमा तथा प्रमाण-पत्र स्तरीय पाठ्यक्रमों में अतुलनीय शैक्षणिक मानक स्थापित किये हैं ।

अवस्थिति

संस्थान भारत में राजस्थान राज्य की राजधानी जयपुर में अवस्थित है । जयपुर, एक विरासत शहर जो कि दुनिया के सबसे खुबसूरत शहरों में से एक है और संभवतया दुनिया के सुनियोजित शहरों में प्रथम । यह गुलाबी शहर के रूप में भी लोकप्रिय है । यह नाम इसकी गुलाबी बलुआ पत्थर से निर्मित इमारतों से लिया गया है । संस्थान, रेल्वे स्टेशन से लगभग 8 किलोमीटर तथा एयरपोर्ट से 15 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित है। जयपुर से दो राष्ट्रीय राजमार्ग यथा नं. 8 (नई दिल्ली से मुंम्बई) तथा नं. 11 (आगरा से बीकानेर को) निकलते हैं ।

परिसर

संस्थान के मुख्य परिसर में बहुत सी बहुमंजिला इमारतें हैं जिनमें 14 शैक्षिक विभाग, उनसे जुड़ी प्रयोगशालायें, शिक्षकों के कक्ष, सेमिनार, प्रदर्शनालयों हेतु कक्ष, लेक्चर थियेटर्स, आधुनिक शिक्षण सहायक सामग्री युक्त कक्षा कक्ष जिनमें ए.सी., डीएलपी प्रोजेक्टर, दृश्य-श्रव्य यंत्र, पुस्तकालय आदि अवस्थित है तथा चिकित्सालय परिसर है जिसमें 300 शय्याओंयुक्त चिकित्सालय, बहिरंग रोगी विभाग, पंचकर्म इकाई, केन्द्रीय प्रयोगशाला, डीलक्स वार्ड्स कोटेज वार्ड्स, योग इकाई आदि अवस्थित है । यहां छात्र एवं छात्राओं हेतु पृथक से बहुमंजिला 5 छात्रावास है । औषधियों के निर्माण हेतु भारी भट्टियाँ एवं मशीनोंयुक्त रसायनशाला, आवश्यक स्टॉफ हेतु क्वार्टर, अतिथि घर, पानी का टेंक एवं जलाशय आदि अवस्थित है । यहां 500 सीटोंयुक्त अच्छी तरह सुसज्जित ऑडिटोरियम स्थित है । शहर की हृदय-स्थली में अवस्थित 20 शय्याओंयुक्त एनआईए सिटी हॉस्पिटल भी है जो कि मुख्य परिसर से 4 किलोमीटर की दूरी पर है तथा शहर के विख्यात आवासीय-सह-वाणिज्यिक क्षेत्र जवाहर नगर में भी एक सेटेलाइट चिकित्सालय स्थित है ।

संगठनात्मक संरचना

संस्थान पर नियन्त्रण रखने एवं इसके कामकाज की व्यवस्था करने के लिए संस्थान का शीर्ष निकाय शासी निकाय है जिसकी अध्यक्षता माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष मंत्रालय, भारत-सरकार करते हैं । संस्थान की एक स्थाई वित्त समिति भी है । संस्थान के मुख्य कार्यकारी निदेशक है तथा संगठन के संपूर्ण प्रबन्ध हेतु उत्तरदायी है । विभागों के दैनिक कार्यों के सम्पादनार्थ विभागों के सम्बन्धित विभागाध्यक्ष उत्तरदायी है ।



समितियाँ

संस्थान में 3 समितियाँ है, शासी निकाय, स्थायी वित्त समिति एवं विभिन्न शोध प्रस्तावों के नियमन, विनियमन एवं समीक्षा करने हेतु इथिकल कमेटी । इसका गठन भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् द्वारा बायोमेडिकल रिसर्च ऑन ह्युमन सब्जेकट्स के लिए नीतिपरक मार्गदर्शनों के आधार पर किया गया है । समितियों का गठन निम्न प्रकार से है :-

शासी निकाय

संस्थान का एक शासी निकाय है जिसकी अध्यक्षता माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष मंत्रालय, भारत-सरकार करते हैं तथा जिसमें निम्नलिखित सदस्य है, जो कि संस्थान की गतिविधियों का प्रबन्ध एवं नियंत्रण करता है । वर्तमान शासी-निकाय का गठन निम्न प्रकार से है:-

1. श्री श्रीपद येसो नाईक — **अध्यक्ष**
   माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
   आयुष मंत्रालय, भारत-सरकार
2. श्री कालीचरण सराफ — उपाध्यक्ष
   माननीय चिकित्सा, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं आयुर्वेद मंत्री
   राजस्थान-सरकार
3. वैद्य श्री राजेश कोटेचा — सदस्य

सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत-सरकार

4. श्रीमती विजय श्रीवास्तव — सदस्य
अतिरिक्त सचिव व वित्तीय सलाहकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत-सरकार

5. श्री पी. एन. रंजीत कुमार — सदस्य
संयुक्त सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत-सरकार

6. डॉ. मनोज नेसरी — सदस्य
सलाहकार(आयुर्वेद), आयुष मंत्रालय, भारत-सरकार

7. डॉ. आर. वेंकटेश्वरन — सदस्य
प्रधान सचिव(आयुर्वेद), राजस्थान-सरकार

8. वैद्य प्रो. राधेश्याम शर्मा — सदस्य
कुलपति, राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर

9. प्रो. के. उन्नीकृष्णन पिल्लई, प्रोफेसर, अमृता स्कूल ऑफ आयुर्वेद — सदस्य
वेल्लीकवी, कोलाम जिला, केरल 690546 (भारत-सरकार द्वारा नामांकित)

10. प्रो. मंजरी द्विवेदी, विभागाध्यक्ष, प्रसूति तंत्र विभाग, आयुवेद संकाय, आईएमएस — सदस्य
बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी-5 (भारत-सरकार द्वारा नामांकित)

11. प्रो. बनवारीलाल गौड़, पूर्व कुलपति, राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय — सदस्य
प्लॉट नं. 80, प्रेम नगर, सेनापति हाऊस के पीछे, झोटवाड़ा, जयपुर
(राजस्थान-सरकार द्वारा नामांकित)

12. डॉ. उमेश वसन्त तगड़े, असिस्टेन्ट निदेशक — सदस्य
आयुष स्टेट हैल्थ सोसायटी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान
चिकित्साधिकारी, लोक स्वास्थ्य विभाग
महाराष्ट्र सरकार, (भारत-सरकार द्वारा नामांकित)

13. श्री केदार शर्मा, से.नि. जिला आयुर्वेद अधिकारी, आयुर्वेद विभाग — सदस्य
प्लॉट नं. 13, पुरोहित पाड़ा, ब्रह्मपुरी, जयपुर (राजस्थान-सरकार द्वारा नामांकित)

14. श्री कैलाश शर्मा, से.नि. उप-निदेशक, आयुर्वेद विभाग — सदस्य
प्लॉट नं. 43, विकास नगर, कालवाड़ रोड़, झोटवाड़ा, जयपुर
(राजस्थान-सरकार द्वारा नामांकित)

15. प्रो. संजीव शर्मा, निदेशक, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान — सदस्य-सचिव

स्थायी वित्त समिति

संस्थान के विभिन्न वित्तीय प्रस्तावों एवं विकासात्मक गतिविधियों आदि पर विचार एवं संस्तुति करने हेतु संस्थान की एक स्थायी वित्त समिति है जिसके अध्यक्ष संयुक्त सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत-सरकार हैं तथा सदस्योंयुक्त है -

1.	श्री पी. एन. रंजीत कुमार संयुक्त सचिव, आयुष मंत्रालय	अध्यक्ष
2.	अतिरिक्त सचिव (वित्तीय सलाहकार) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय	सदस्य
3.	डॉ. आर. वेंकटेश्वरन (आइएएस) प्रधान सचिव(आयुर्वेद) राजस्थान सरकार	सदस्य
4.	श्री आर. एस. अग्रवाल उप-महानिदेशक आयुष मंत्रालय	सदस्य
5.	प्रो. के. उन्नीकृष्ण पिल्लई प्रोफेसर, अमृता स्कूल ऑफ आयुर्वेद वेल्लीकवी, कोलाम, केरल 690546	सदस्य
6.	डॉ. उमेश वसन्त तगड़े असिस्टेन्ट निदेशक आयुष स्टेट हैल्थ सोसायटी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान चिकित्साधिकारी, लोक स्वास्थ्य विभाग महाराष्ट्र सरकार	सदस्य
7.	प्रो. संजीव शर्मा निदेशक राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर	सदस्य-सचिव

संस्थानिक नीतिशास्त्र समिति

संस्थान में विभिन्न शोध प्रस्तावों के नियमन, विनियमन एवं समीक्षा करने हेतु एक इथिकल कमेटी है। इसका गठन भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् द्वारा बायोमेडिकल रिसर्च ऑन ह्युमन सब्जेकट्स के लिए नीतिपरक मार्गदर्शनों के आधार पर किया गया है। आलोच्य वर्ष के दौरान समिति का गठन निम्न प्रकार से रहा है:-

1.	प्रो. बनवारी लाल गौड़ पूर्व कुलपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर एवं से. नि. निदेशक, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान	शिक्षक	अध्यक्ष
2.	प्रो. एस. एस. यादव विभागाध्यक्ष, मूत्ररोग विभाग एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज, जयपुर	क्लीनिशियन	सदस्य
3.	प्रो. राजकुमार यादव कार्डियोवास्कूलर एण्ड थोरेसिक सर्जन एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज, जयपुर	क्लीनिशियन	सदस्य
4.	श्री शिवचरण गुप्ता अधिवक्ता राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर	लीगल एक्सपर्ट	सदस्य
5.	डॉ. कमलकान्त दाधीच से.नि. प्रोफेसर, संस्कृत विभाग कॉलेज शिक्षा, राजस्थान सरकार जयपुर	कॉमन-मैन रिप्रजेन्टेटिव	सदस्य
6.	डॉ. शिवदत्त शर्मा से.नि. प्रोफेसर कान-नाक-गला विभाग एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय जयपुर	बेसिक मेडिकल सांइटिस्ट	सदस्य
7.	श्री अनिल शुक्ला संगठन मंत्री सेवा भारती, जयपुर	नॉन-गवर्नमेन्टल वॉल्युन्टरी एजेन्सी रिप्रजेन्टेटिव	सदस्य
8.	प्रो. राम किशोर जोशी विभागाध्यक्ष, काय चिकित्सा विभाग राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान	मेडिकल सांइटिस्ट	सदस्य
9.	प्रो. हेमन्त कुमार विभागाध्यक्ष शल्य तंत्र विभाग राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान	मेडिकल सांइटिस्ट	सदस्य

11.	प्रो. कमलेश कुमार शर्मा विभागाध्यक्ष, स्वस्थवृत्त विभाग राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान	मेडिकल सांइटिस्ट	सदस्य
10.	प्रो. केदार लाल मीणा विभागाध्यक्ष एवं एसोसिएट प्रोफेसर मौलिक सिद्धान्त विभाग राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान	मेडिकल सांइटिस्ट	सदस्य
12.	डॉ. पवन कुमार गोदतवार विभागाध्यक्ष एवं एसोसिएट प्रोफेसर रोग निदान एवं विकृति विज्ञान विभाग राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान	मेडिकल सांइटिस्ट	सदस्य-सचिव

वित्तीय स्थिति

आयुष मंत्रालय द्वारा संस्थान को व्यय हेतु सभी आवश्यक अनुदान उपलब्ध करवाया जा रहा है । संस्थान को वर्ष 2016-2017 हेतु निम्नानुसार बजट प्रावधान उपलब्ध कराये गये हैं -

(रू. लाखों में)

मद	बजट अनुमान 2016-17	संशोधित अनुमान 2016-17	प्राप्त अनुदान 2016-17	वास्तविक व्यय 31-3-2017 तक
गैर योजना	रू. 2600.00	रू. 3157.00	रू. 3157.00	रू. 3168.28
योजना	रू. 2400.00	रू. 2400.00	रू. 2400.00	रू. 2355.10

सम्बद्धता

संस्थान शैक्षणिक एवं परीक्षाओं से सम्बन्धित उद्देश्यों के लिए डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर से सम्बद्ध है तथा भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम एवं दिशा-निर्देश जो कि विश्वविद्यालय द्वारा अंगीकार किये गये हैं का अनुसरण करता है। विश्वविद्यालय के विभिन्न निकायों यथा - प्रबन्ध-मण्ड़ल, शैक्षिक परिषद्, आयुर्वेद-संकाय, अध्ययन-मण्ड़ल आदि में संस्थान के निदेशक एवं अध्यापक सम्यकरूप से प्रतिनिधित्व करते हैं तथा विश्वविद्यालय व राजस्थान राज्य में इससे सम्बद्ध आयुर्वेदिक महाविद्यालयों तथा संस्थान के विकास हेतु समय-समय पर अपने बहुमूल्य सुझाव, विचार एवं विशेषज्ञता प्रदान करते रहते हैं ।

इंफ्रास्ट्रक्चर

संस्थान का मुख्य परिसर 13 एकड़ क्षेत्रफल में फैला हुआ है । संस्थान परिसर की आधारभूत संरचना एवं इसमें उपलब्ध सुविधायें बहुत अच्छी है । संस्थान का सुंदर, शान्त एवं पर्यावरण के अनुकूल वातावरण आयुर्वेद शिक्षा के लिए अनुकूल है । संस्थान का परिसर एक वाई-फाई परिसर है तथा संकाय-सदस्यों, छात्रों एवं स्टॉफ को किसी भी समय इंटरनेट का उपयोग करने की सुविधा प्रदान करता है । संस्थान में वातानुकूलित लेक्चर थियेटर्स है । कक्षा-कक्ष आधुनिक शिक्षण सहायक सामग्री यथा - कम्प्युटर, डीएलपी प्रोजेक्टर तथा माइक एवं ध्वनि सिस्टम से युक्त है । एक 500 व्यक्तियों के बैठने की क्षमतायुक्त सभागार है जिसमें ध्वनि एवं प्रकाश योजनाऐं, अग्निरोधि पर्दे, एलसीडी प्रोजेक्टर्स, विद्युत हेतु पृथक से जनरेटर-सेट, कालीनयुक्त फर्श, आदि सुविधाऐं उपलब्ध है । परिसर के अन्दर, एक केन्टीन, बैंक, ओपीडी एवं 300 शय्याओंयुक्त आईपीडी सुविधा, पंचकर्म इकाई, छात्रावास, आई.टी. सेन्टर, फोटोकॉपी सुविधा, ओपन एयर थियेटर की सुविधाऐं उपलब्ध है । उपरोक्त के अतिरिक्त, मुख्य परिसर से दूर, एक सिटी हॉस्पिटल, एक

सेटेलाइट क्लिनिक व 59 स्टॉफ क्वार्टर है और एक अतिथिगृह संस्थान में है । संस्थान मुख्य रूप से निम्न खण्ड़ों में विभक्त है :-

शैक्षणिक खण्ड़

शैक्षणिक खण्ड़ 3 एवं 4 मंजिला इमारतोंयुक्त है जिनके 100 कक्षों में विभिन्न कार्यालय, शैक्षणिक विभाग, प्रयोगशालायें, संग्रहालय, लेक्चर थियेटर्स, पुस्तकालय, नेशनल रिपोजिटरी ऑफ ऑथैंटिक ड्रग्स, 500 की बैठने की क्षमतायुक्त सभागार, आई.टी. सेन्टर, व्यायामशाला आदि अवस्थित है ।

प्रशासनिक खण्ड़

प्रशासनिक खण्ड़ में निदेशक-कक्ष अवस्थित है जो कि सौन्दर्य से परिपूर्ण एवं सुसज्जित है । इसके एक तरफ उपवेशनों के आयोजन हेतु एक सुसज्जित उपवेशन हॉल स्थित है । खण्ड़ के दूसरी ओर उपनिदेशक(प्रशासन), प्रशासनिक-अधिकारी, लेखाधिकारी के कार्यालय, प्रतिष्ठापन-शाखा, शैक्षणिक-शाखा, लेखा-शाखा, कमेटी हॉल, आदि स्थित है ।

चिकित्सालय खण्ड़

चिकित्सालय खण्ड़ 300 शय्याओंयुक्त आईपीडी एवं ओपीडी सुविधाओं, पंचकर्म इकाई, केन्द्रीय प्रयोगशाला, रसायनशाला, प्राथमिक चिकित्सा इकाई, डीलक्स वार्ड्स, कॉटेज वार्ड्स, क्युबिकल वार्ड्स, जनरल वार्ड्स, ऑपरेशन थियेटर्स, कन्सलटेशन कक्ष, एक्स-रे कक्ष, ईसीजी कक्ष, सोनोग्राफी कक्ष, फिजियोथैरेपी सुविधाओं, आदि के संयोजन से बना है। संस्थान का एक सिटी हॉस्पिटल ओपीडी एवं आईपीडी सुविधाओंयुक्त संस्थान के मुख्य परिसर से 4 किलोमीटर की दूरी पर शहर की हृदय-स्थली किशनपोल बाजार में 1300 वर्गमीटर में फैला हुआ स्थित है।

रसायनशाला खण्ड़

रसायनशाला खण्ड़ कच्ची औषधी भण्ड़ार, विनिर्माण प्रक्रिया इकाई, भट्टी इकाई, पैकिंग इकाई, तैयार माल भण्ड़ार, कार्यालय आदि के संयोजन से बना है । संस्थान की रसायनशाला जीएमपी सर्टिफाइड फार्मेसी है तथा औषध निर्माण के दौरान अत्यंत स्वच्छता, साफ-सफाई बनाये रखने और कच्ची औषधियों एवं तैयार औषधियों के समुचित रखरखाव हेतु पूर्णत: वातानुकूलित है ।

छात्रावास खण्ड़

छात्रावास खण्ड़ में छात्रों हेतु 2 स्नातकीय छात्रावास, 1 स्नातकोत्तर स्तरीय छात्रावास, छात्राओं हेतु 1 स्नातक तथा 1 स्नातकोत्तर स्तरीय छात्रावास अवस्थित है । स्नातकोत्तर/पीएच.डी. अध्येताओं हेतु जयपुर शहर के जवाहर नगर क्षेत्र में 20 आवास सुविधाऐं उपलब्ध है ।

पुस्तकालय-सह-शैक्षणिक खण्ड़

संस्थान में नव-निर्मित पुस्तकालय-सह-शैक्षणिक खण्ड़ (तहखाना+4 मंजिल) की इमारत अवस्थित है । इस नवीन इमारत में छात्रों, शोधार्थियों एवं कर्मचारियों की बढ़ती मांग की पूर्ति हेतु पुस्तकालय स्थानान्तरित किया गया है । पुस्तकालय परिसरण, संदर्भो की छायाप्रतियों एवं प्रेस कतरनों की सेवाऐं उपलब्ध कराता है । पुस्तकालय में एक पाण्डुलिपि इकाई स्थापित की गई है ।

शैक्षणिक गतिविधियाँ

संस्थान मूलरूप से एक शैक्षिक संस्थान है तथा आयुर्वेद के संवर्द्धन एवं विकास हेतु इस क्षेत्र में स्नातक, स्नातकोत्तर, पोस्ट डॉक्टरल, डिप्लोमा एवं प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम चलाता है ।

संस्थान द्वारा चलाये जा रहे पाठ्यक्रम –

स्नातक पाठ्यक्रम – (आयुर्वेदाचार्य) – बीएएमएस – 92 स्थान

बीएएमएस का स्नातक पाठ्यक्रम 5½ वर्ष मय 1 वर्ष की इन्टर्नशिप की अवधि का है । बीएएमएस उत्तीर्ण करने के पश्चात्, छात्रों को विभिन्न विषयों में 1 वर्ष के लिए रोटेटिंग इन्टर्नशिप पर रखा जाता है । प्रत्येक वर्ष हेतु 92 सीटें उपलब्ध है ।

सीटों का आरक्षण – 1 सीट केन्द्र-सरकार के लिए, 2 सीटें भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद् द्वारा प्रायोजित विदेशी नागरिकों के नामांकन हेतु, 10 सीटें दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के नागरिकों हेतु, 10 सीटें छात्राओं हेतु भी आरक्षित है तथा अजा/अजजा/अपिव/दिव्यंगों हेतु भारत-सरकार के दिशा-निर्देशानुसार सीटे उपलब्ध है ।

प्रवेश की प्रक्रिया – बीएएमएस पाठ्यक्रम में प्रवेश विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा प्रवेश परीक्षा की वरीयता के आधार पर किये गये । विश्वविद्यालय द्वारा अखिल भारतीय स्तर के समाचार-पत्रों तथा इसकी वेबसाईट पर प्रवेश परीक्षा एवं प्रवेश की अधिसूचना जारी की गई । विश्वविद्यालय की अधिसूचना को संस्थान की वेबसाईट पर भी प्रसारित किया गया ।

प्रवेश – वर्ष 2016-2017 के दौरान बीएएमएस पाठ्यक्रम में 90 छात्रों को प्रवेश दिया गया । दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के अभ्यर्थी की अनुपलब्धता के कारण 2 स्थान रिक्त रहे । तंजानिया के 2 छात्र, भूटान के 1 छात्र, रशिया के 1 छात्र, ईरान के 2 छात्र, श्रीलंका के 1 छात्र, मलेशिया के 1 छात्र, थाईलैण्ड के 1 छात्र तथा निकारागुआ के 1 छात्र को प्रवेश दिया गया ।

सामान्य		एससी		एसटी		ओबीसी		पीएच		आयुष मंत्रालय के माध्यम से दक्षिणी-पूर्वी देशों के छात्र		आईसीसीआर के माध्यम से विदेशी राष्ट्रो के छात्र		कुल प्रवेश	
छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं
12	26*	9	3	3	3	10	13	1	-	-	3	3	4	38	52

*10 स्थान केवल लड़कियों के लिए आरक्षित है ।

उत्तीर्ण छात्र – आलोच्य वर्ष के दौरान परीक्षाओं में उपस्थिति तथा उत्तीर्ण हुये छात्रों की कक्षावार स्थिति निम्न प्रकार से है –

कक्षा	प्रविष्ट	उत्तीर्ण	प्रतिशत
आयुर्वेदाचार्य- III बैच 2010 एवं 2011	74	65	87.83%

आलोच्य वर्ष के दौरान, 59 छात्रों ने अपना विशिखानु प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण किया तथा 13 छात्र विशिखानु प्रशिक्षणाधीन रहे ।

शुल्क – बीएएमएस पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में शुल्क रूपये 27,100/-, द्वितीय वर्ष के लिए रूपये 17,500/-, तृतीय वर्ष के लिए रूपये 17,500/- तथा अन्तिम वर्ष के लिए शुल्क रूपये 26,250/- है ।

छात्रावास मद में स्थान उपलब्ध होने की स्थिति में प्रतिवर्ष रूपये 3,600 की राशि तीन वर्ष के लिए अतिरिक्त रूप से तथा अन्तिम वर्ष में रूपये 5,400/- लिये जाते हैं ।

स्टाईपेंड - एक वर्ष की इन्टर्नशिप के दौरान छात्रों को रूपये 12,684 प्रतिमाह निर्वाह भत्ता का भुगतान किया जाता है।

स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम - आयुर्वेद वाचस्पति(एम.डी.(आयु.)/आयुर्वेद धन्वन्तरि(एम.एस.(आयु.)-104 स्थान

स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम 3 वर्ष की अवधि का है। संस्थान में स्नातकोत्तर अध्ययन के लिए निम्नलिखित सभी 14 विषय उपलब्ध है -

1. अगद तंत्र
2. द्रव्यगुण
3. कौमारभृत्य
4. कायचिकित्सा
5. मौलिक सिद्धान्त
6. पंचकर्म
7. प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग
8. रोग एवं विकृति विज्ञान
9. रस शास्त्र
10. शरीर रचना
11. शरीर क्रिया
12. शल्य तंत्र
13. शालाक्य तंत्र
14. स्वस्थवृत्त

प्रवेश की प्रक्रिया - आलोच्य वर्ष के दौरान, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में 103 प्रवेश डॉ. सर्वेपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा आयोजित वस्तुनिष्ठ प्रकार की स्नातकोत्तर प्रवेश प्रक्रिया के आधार पर तैयार वरीयता से किये गये । विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश हेतु अधिसूचना अखिल भारतीय स्तर पर समाचार पत्रों तथा इसकी वेबसाइट पर प्रकाशित की गई । विश्वविद्यालय की अधिसूचना संस्थान की वेबसाइट पर भी जारी की गई ।

सीटों का आरक्षण - आईसीसीआर द्वारा प्रायोजित बिम्सटेक (BIMSTEC) देशों हेतु 3 सीटें, आयुष मंत्रालय के माध्यम से दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों हेतु 3 सीटें, मलेशिया हेतु 1 सीट तथा अजा/अजजा/अपिव/दिव्यंगों हेतु भारत-सरकार के दिशा-निर्देशानुसार सीटे उपलब्ध है ।

प्रवेश - वर्ष 2016-2017 के दौरान 104 सीटों पर प्रवेश किया गया । वर्ग-वार प्रवेशित अध्येता निम्न प्रकार से है:-

सामान्य		एससी		एसटी		ओबीसी		पीएच				आईसीसीआर के माध्यम से बिम्सटेक राष्ट्रो के छात्र		आयुष मंत्रालय के माध्यम से विभिन्न राज्यों एवं प्राईवेट केन्द्रीय सरकार नामिति		कुल प्रवेश	
छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं
12	26	4	7	2	5	10	7	1	-	6	7	2	1	10	4	47	57

वर्ष 2016-17 के दौरान स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में 284 अध्येता अध्ययनरत रहे । आलोच्य वर्ष के दौरान, एमडी/एमएस के 90 अध्येताओं ने अपने शोध महानिबंध प्रस्तुत किये ।

उत्तीर्ण – आलोच्य वर्ष के दौरान परीक्षाओं में उपस्थिति तथा उतीर्ण हुये अध्येताओं की कक्षावार स्थिति निम्न प्रकार से है –

कक्षा	प्रविष्ट	उत्तीर्ण	प्रतिशत
एम.डी.(आयुर्वेद) भाग-II बैच 2013-14	100	99	99%

शुल्क – स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में शुल्क प्रथम वर्ष के लिए रूपये 40,300/-, द्वितीय वर्ष के लिए रूपये 27,700/- तथा तृतीय वर्ष के लिए रूपये 27,700/- है। रूपये 12,000 की राशि अतिरिक्त रूप से प्रति वर्ष छात्रावास मद में स्थान उपलब्ध होने की स्थिति में लिये जाते हैं ।

स्टाईपेंड – एमडी/एमएस अध्येताओं को प्रथम वर्ष में रू. 15,820, द्वितीय वर्ष में रू. 16,950 एवं अन्तिम वर्ष में रू. 18,080 मासिक निवार्ह भत्ता (स्टाईपेंड) उपलब्ध कराया जाता है । स्टाईपेंड के साथ मंहगाई भत्ता केन्द्र-सरकार की दरों पर देय है ।

फैलोशिप प्रोग्राम (पीएच.डी., आयुर्वेद) – आयुर्वेद विद्यावारिधी – 28 स्थान

सभी स्नातकोत्तर 14 विषयों में नियमित फैलोशिप प्रोग्राम उपलब्ध है । फैलोशिप 2 वर्ष के लिए प्रदान की जाती है जिसमें एक वर्ष के लिए अभिवृद्धि की जा सकती है जो कि शोध में आवश्यक प्रगति के अध्यधीन होती है । फैलोशिप प्रोग्राम के उपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा पीएच.डी.(आयुर्वेद) की उपाधि प्रदान करता है ।

प्रवेश की प्रक्रिया – विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश हेतु अधिसूचना अखिल भारतीय स्तर पर समाचार पत्रों में तथा इसकी वेबसाइट पर भी प्रकाशित की जाती है ।

सीटों का आरक्षण – 1 स्थान BIMSTEC (बांग्लादेश, भूटान, म्यंमार, नेपाल, श्रीलंका एवं थाईलैण्ड देशों के अभ्यर्थियों हेतु) हेतु उपलब्ध है इस पर प्रवेश भारतीय सांस्कृतिक संबन्ध परिषद् द्वारा प्रायोजित किये जाते हैं । 1 स्थान दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के अभ्यर्थियों हेतु उपलब्ध है इस पर प्रवेश आयुष मंत्रालय के माध्यम से दिये जाते हैं । भारतीय नागरिकों हेतु भारत-सरकार के आदेशानुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यंग वर्ग हेतु आरक्षण उपलब्ध है।

प्रवेश – आलोच्य वर्ष के दौरान, विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश विज्ञप्ति जारी नहीं की जा सकी इसलिए पीएच.डी.(आयुर्वेद) में प्रवेश नहीं किये जा सके । संस्थान में फैलोशिप प्रोग्राम के तहत 36 अध्येता रहे तथा 16 अध्येताओं ने अपना शोधमहानिबन्ध परीक्षा प्रस्तुत किये एवं एवं इनकी मौखिक परीक्षा (Viva-voce) आयोजित की गई । ।

शुल्क – फैलोशिप हेतु प्रथम वर्ष में रू. 54,150 तथा द्वितीय वर्ष में रू. 41,550 शुल्क निर्धारित है। रूपये 18,000 की राशि अतिरिक्त रूप से प्रति वर्ष छात्रावास मद में स्थान उपलब्ध होने की स्थिति में लिये जाते हैं ।

स्टाईपेंड – फैलोशिप प्रोग्राम के दौरान प्रथम वर्ष में रू. 18,702 एवं द्वितीय वर्ष में रू. 19,323 मासिक निर्वाह भत्ता देय है । निर्वाह भत्ता के साथ मंहगाई भत्ता केन्द्र सरकार की दरों पर देय है ।

आयुष नर्सिग एवं फार्मेसी में डिप्लोमा पाठ्यक्रम – 30 स्थान

आयुर्वेद नर्सिग एवं फार्मेसी में डिप्लोमा पाठ्यक्रम की अवधि मय 6 माह के इंटर्नशिप के 2½ वर्ष की है। अभ्यर्थियों का आवंटन विश्वविद्यालय द्वारा किया जाता है । प्रवेश 12वीं कक्षा के प्राप्तांकों की वरीयता के आधार पर किये जाते हैं ।

प्रवेश – आलोच्य वर्ष के दौरान, 30 प्रवेश किये गये । वर्ग-वार प्रवेश निम्न प्रकार से है-

सामान्य/ओपन		एससी		एसटी		ओबीसी		पीएच		कुल प्रवेश	
छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं
5	9	3	2	1	1	5	3	1	-	15	15

आलोच्य वर्ष के दौरान डिप्लोमा पाठ्यक्रम में 82 छात्र अध्ययनरत रहे ।

उत्तीर्ण–आलोच्य वर्ष के दौरान परीक्षाओं में उपस्थित तथा उत्तीर्ण हुये अध्येताओं की कक्षावार स्थिति निम्न प्रकार है –

कक्षा	प्रविष्ठ	उत्तीर्ण
द्वितीय वर्ष मुख्य (2014)	26	परिणाम प्रतिक्षा में

शुल्क – डिप्लोमा पाठ्यक्रम हेतु प्रथम वर्ष में रू. 15,000 तथा द्वितीय वर्ष में रू. 15,000 शुल्क निर्धारित है। रूपये 3,400 की राशि प्रथम वर्ष हेतु एवं रूपये 5,400 की राशि अन्तिम वर्ष हेतु अतिरिक्त रूप से प्रति वर्ष छात्रावास मद में स्थान उपलब्ध होने की स्थिति में लिये जाते हैं।

स्टाईपेंड – छात्रों को इंटर्नशिप के दौरान रू. 500 प्रति माह निर्वाह भत्ता देय है ।

पंचकर्म-परिचारक पाठ्यक्रम – 20 स्थान

पंचकर्म परिचारक का पाठ्यक्रम 4 माह का है जिसमें 1 माह की इंटर्नशिप सम्मिलित है । प्रवेश-अधिसूचना समाचार-पत्रों में प्रकाशित की जाती है तथा संस्थान की वेबसाईट पर भी उपलब्ध कराई जाती है। प्रवेश संस्थान द्वारा किये जाते हैं । अनुसूचित जाति वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु 10 स्थान आरक्षित है एवं दूसरे 10 स्थान अन्य वर्गो के लिए हैं ।

प्रवेश – आलोच्य वर्ष के दौरान, पंचकर्म परिचारक के पाठ्यक्रम में 18 प्रवेश दिये गये । वर्ग-वार प्रवेश निम्न प्रकार से है –

सामान्य/ओपन		एससी		एसटी		ओबीसी		पीएच		कुल प्रवेश	
छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं
-	-	13	3	2	-	-	-	-	-	15	3

आलोच्य वर्ष के दौरान, पंचकर्म परिचारक के पाठ्यक्रम में 5 छात्र अध्ययनरत रहे ।

उत्तीर्ण – 11 छात्रों ने पंचकर्म परिचारक का पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण किया ।

शुल्क – प्रवेश शुल्क अनुसूचित जन-जाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए रू. 3,000 एवं अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग से सम्बन्धित अभ्यर्थियों के लिए रू. 5,000 निर्धारित है । अनुसूचित जाति वर्ग के अभ्यर्थियों से प्रवेश शुल्क नहीं लिया जाता है ।

क्रीड़ा एवं खेल

संस्थान द्वारा क्रीड़ा एवं खेल को बढ़ावा देने हेतु एवं छात्रों एवं अध्येताओं के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के रखरखाव हेतु 4-1-2017 से 13-1-2017 तक वार्षिक क्रीड़ा एवं खेल गतिविधियाँ 'तरंग - 2017' संस्थान द्वारा आयोजित की गई । विभिन्न खेलकूल गतिविधियाँ यथा - क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम आदि तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये जिनमें छात्रों एवं अध्यापकों द्वारा भाग लिया गया । छात्रों, अध्यापकों तथा संस्थान के स्टॉफ ने खेलकूद एवं सांस्कृतिक आयोजनों का आनंद लिया । विजेता दलों एवं व्यक्तियों को पुरूस्कार वितरित किये गये ।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

संस्थान द्वारा 21 जून 2017 को द्वितीय अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया । इस अवसर पर, योग एवं इसके लाभों के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु लघु दौड़ 'रन फॉर योग' का आयोजन किया गया ।योग विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न योगासनों का प्रदर्शन किया गया ।

राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस

संस्थान द्वारा 28-10-2016 को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मनाया गया । इस अवसर पर शहर में एक रैली का आयोजन किया गया जिसमें अध्यापकों, स्टॉफ, छात्रों एवं अध्येताओं ने भाग लिया । जयपुर शहर में 'आयुर्वेद के माध्यम से मधुमेह का नियंत्रण एवं रोकथाम' विषय पर 28 मधुमेह चिकित्सा शिविर आयोजित किये गये जिसमें से 3 शिविर संस्थान चिकित्सालय में आयोजित कर मधुमेह के रोगियों को नि:शुल्क परामर्श, रक्तशर्करा जांच, औषधियाँ आदि मुक्त उपलब्ध कराई गयी । चिकुनगुनिया के रोगियों को शिविर स्थल पर ताजा जड़ी-बुटियों का क्वाथ तैयार कर उपलब्ध कराया गया । संस्थान के अध्यापकों एवं अध्येताओं द्वारा लगाये गये इन शिविरों में मधुमेह के लगभग 10,000/- रोगी लाभान्वित हुये । विभिन्न प्रकार के मधुमेह से बचाव, प्रबन्ध, सावधानियाँ व करने व न करने योग्य बातों एवं संस्थान द्वारा चलाई जा रही रोगी परिचर्यात्मक गतिविधियों को सूचनात्मक नारों द्वारा प्रदर्शित किया गया ।

लोक वित्त प्रबन्ध प्रणाली में पंजियन

लोक वित्त प्रबन्ध प्रणाली के अन्तर्गत संस्थान पंजिकृत हो गया है । मंत्रालय के मुख्य लेखा नियंत्रक एवं उनके दल द्वारा संस्थान में लोक वित्त प्रबन्ध प्रणाली पर दो दिवसीय प्रशिक्षण स्टॉफ को प्रदान किया गया । संस्थान द्वारा शीघ्र ही लोक वित्त प्रबन्ध प्रणाली के उद्देश्यों को पूर्णतया प्राप्त कर लेगा ।

एनएबीएच एक्रिडिटेशन

राष्ट्रीय अस्पताल एवं स्वास्थ्य सुविधा प्रमाणन बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा संस्थान को इसके चिकित्सालय की सेवाओं हेतु एनएनबीएच एक्रिडिटेशन प्रदान किया गया ।

नवीन प्रवेशकों के लिए प्रेरण कार्यक्रम –

संस्थान द्वारा 6-12 दिसम्बर 2016 को आयुर्वेदाचार्य के नवीन प्रवेशित छात्रों हेतु एक प्रेरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में संस्थान के आयुर्वेदाचार्य प्रथम वर्ष में नव-प्रवेशित विभिन्न प्रान्तों एवं ईरान, तंजानिया, थाईलैंड और भूटान के छात्रों ने भाग लिया । कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री वैद्य राजेश कोटेचा, पूर्व कुलपति, गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय, कार्यकारी अधिकारी, चक्रपाणी आयुर्वेद, जयपुर (अब सचिव, आयुष मंत्रालय) द्वारा की गई । उन्होंने छात्रों को आयुर्वेद में क्षेत्र एवं अवसर तथा वैश्विक पटल पर आयुर्वेद भविष्य, महत्व एवं संभावनाऐं विषयक प्रमुख व्याख्यान दिया । संस्थान के निदेशक प्रो. संजीव शर्मा ने बताया कि आयुर्वेद चिकित्सा एक प्राचीन चिकित्सा प्रणाली है और यह वर्तमान समय में अधिक लोकप्रिय हो रही है । आयुर्वेद के शिक्षण, चिकित्सा एवं शोध आदि में व्यापक क्षेत्र एवं अवसरों की संभावना है । प्रेरण कार्यक्रम से छात्र काफी प्रसन्न थे वे जान गये थे कि आयुर्वेद क्या है एवं वे जो योग्यता प्राप्त करेगें वह उनके कैरियर में किस प्रकार लाभदायक रहेगी जो वे अपनाते हैं ।

मधुमेह (डायबिटीज मिलीटस) के प्रबन्ध में स्कोप एवं आयुर्वेद की भूमिका : संभाषा विषयक अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी -

संस्थान में 5-7 फरवरी 2017 को निम्नलिखित लक्ष्यों पर मधुमेह (डायबिटीज मिलीटस) के प्रबन्ध में स्कोप एवं आयुर्वेद की भूमिका : संभाषा विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजिन किया गया -

(ए) मधुमेह के प्रबन्ध में औषध (चिकित्सा), अन्न(आहार) एवं विहार(जीवन शैली) के क्षेत्र एवं भूमिका पर विशेष ध्यान देने के साथ मधुमेह की रोकथाम(डीएम) और प्रबन्धन एवं इसकी जटिलताओं का मौजूदा ज्ञान का अनुभव साझाा करने के लिए ।
(बी) मधुमेह(डीएम) के संकल्पनात्मक ढांचे को परिष्कृत करने के लिए और कोर इंडिकेटर्स के सुसंस्कृतकरण के लिए तथा
(सी) अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने के लिए ।

संगोष्ठी को पूर्ण सत्र, समांतर सत्र और पोस्टर प्रस्तुति सत्र में विभाजित किया गया था । प्रतिभागियों द्वारा 447 मौखिक पत्र एवं 176 पोस्टर प्रस्तुत किये गये ।

आमंत्रित विबुद्धजनों द्वारा 73 प्रमुख व्याख्यान दिये । लगभग 50 अन्तर्राष्ट्रीय एवं 1000 राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने संगोष्ठी में भाग लिया । बाह्य प्रतिनिधियों के अतिरिक्त सभी संकाय सदस्यों, स्नातकोत्तर एवं पीएच.डी. अध्येताओं ने सक्रिय रूप से संगोष्ठी में भाग लिया । संगोष्ठी में एक एक्सपो का आयोजन किया गया जिसमें आयुर्वेद समुदाय के औषध उद्योग, निर्माता एवं नैदानिक उपकरण के आपूर्तिकर्ताओं, पुस्तक प्रकाशनों ने भाग लिया ।

संपादक सम्मेलन

संस्थान में 7-8 फरवरी 2017 को एक संपादक सम्मेलन का आयोजन किया गया । विभिन्न आयुर्वेद जर्नल्स के संपादक यथा जर्नल ऑफ रिसर्च एण्ड एज्यूकेशन इन इंडियन मेडिसिन, जर्नल ऑफ रिसर्च इन आयुर्वेदिक साइन्सेज, जर्नल ऑफ आयुर्वेद केस रिपोर्ट्स, आयु, जर्नल ऑफ आयुर्वेद एण्ड इन्टेग्रेटिव मेडिसिन एण्ड जर्नल ऑफ आयुर्वेद एकत्रित होकर मिल एवं आयुर्वेद के सभी जर्नल्स को उच्च कोटि का करने हेतु विभिन्न सुझाव प्रदान किए तथा मंत्रालय में एक आयुष प्रकाशन इकाई स्थापित करने का सुझाव दिया । संपादकों हेतु आवधिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें ।

रोगी परिचर्या गतिविधियाँ

चिकित्सालय

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के 280 शययाओं युक्त चिकित्सालय को राष्ट्रीय अस्पताल एवं स्वास्थ्य सुविधा प्रमाणन बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा एनएनबीएच एक्रिडिटेशन प्रदान कर दिया गया है । संस्थान के 3 चिकित्सालय है यथा - 280 शययाओं युक्त एनआईए कैम्पस हॉस्पिटल तथा 20 शय्याओं युक्त एनआईए सिटी हॉस्पिटल जो कि संस्थान प्रांगण से 4 किलोमीटर दूर शहर की हृदय स्थली में स्थित है। एक सेटेलाईट क्लिनिक भी जवाहर नगर में है जो कि जयपुर शहर का विख्यात रिहायशी एवं वाणिज्यिक क्षेत्र है ।

चिकित्सालयों का मुख्य ध्येय आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से पीड़ित मानव समूह को चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना है तथा रोगी परिचर्या गतिविधियों के क्षेत्र में बहिरंग रोगी विभाग, अन्तरंग रोगी विभाग, पंचकर्म प्रक्रियाओं, प्राथमिक आत्ययिक चिकित्सा इकाई, केन्द्रीय प्रयोगशाला, अनेकों विशिष्ट चिकित्सा इकाईयों तथा सेवाओं यथा पैथोलॉजिकल टेस्ट, बॉयो-केमिकल टेस्ट, एक्स-रे, ई.सी.जी., सी.टी.एम.टी., अल्ट्रॉसाउण्ड, स्पॉयरोमीटरी, डेन्टल, ऑडियोमीटर, जरावस्था इकाई, आहार इकाई, हड्डी रोग इकाई, बाल मानसिक स्वास्थ्य इकाई, शिशु रोग एवं त्वक रोग इकाई, गुदरोग चिकित्सा, जलौकावचरण, अग्निकर्म, गर्भ जांच, टीकाकरण इकाई आदि के माध्यम से संस्थान विशिष्ट गतिविधियाँ सम्पन्न कर रहा है । नेत्र सम्बन्धित विभिन्न रोगों एवं विकृतियों तथा कान, नाक व गला सम्बन्धित रोगों के लिए विशेष चिकित्सा सेवायें उपलब्ध है । किसी भी आत्ययिक स्थिति में रोगियों को संभालने हेतु एक एम्बुलेन्स है ।

चिकित्सालयों के लिए अधिकांश औषधियाँ संस्थान की रसायनशाला में निर्मित कर पूर्ति की जाती है तथा रोगियों को नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाती है । रोगी राजस्थान से ही नहीं वरन आस-पास के राज्यों से भी विभिन्न रोगों की विशिष्ट चिकित्सा हेतु आते हैं । कम्प्यूटर पर ओपीडी रेकॉर्ड आदि का प्रलेखीकरण कम्प्यूटरीकृत किया जाता है ।

अन्तरंग रोगी विभाग में पंजीयन शुल्क 20/- रूपये है तथा संस्थान के छात्रों, वरिष्ट नागरिकों, स्वतंत्रता सैनानियों, बीपीएल कार्डधारकों, स्टॉफ एवं छात्रों को अन्तरंग विभाग के पंजीयन शुल्क से मुक्त रखा गया है।

आलोच्य वर्ष के दौरान, संस्थान को आईपीडी रजिस्ट्रेशन से रू. 90,400 तथा कोटेज, क्यूबिकल तथा डिलक्स वार्ड सुविधाओं से रू. 13,08,400/- प्राप्त हुये । ओपीडी रजिस्ट्रेशन शुल्क रू. 5/- है । आलोच्य वर्ष के दौरान, संस्थान को ओपीडी रजिस्ट्रेशन से रू. 4,79,840/- की राशि एवं रू. 8,41,732/- की राशि यूज़र चार्जेज यथा पंचकर्म प्रक्रियाऐं, क्रिया कल्प, प्रयोगशाला जांच आदि से प्राप्त हुई ।

बहिरंग रोगी विभाग (ओपीडी) -

चिकित्सालयों में बहिरंग विभाग है जिसमें 14 विभाग मय विभिन्न इकाईयों एवं विशिष्ट क्लिनिक्स अपनी सेवायें देते हैं । वर्ष के दौरान, बहिरंग विभाग में नवीन एवं पुरातन कुल 2,33,805 रोगी थे जिनमें से 1,46,832 नवीन पंजीकृत किये गये । रोगियों को 16,36,635 दिवस हेतु औषधियाँ नि:शुल्क वितरित की गई । बहिरंग विभाग में चिकित्सा प्राप्त करने वाले रोगी विभागानुसार निम्न प्रकार से है -

क्र. सं.	विभाग	नवीन				पुरातन				महायोग
		पुरुष	महिला	बालक	योग	पुरुष	महिला	बालक	योग	
1.	काय चिकित्सा	16605	10698	567	27870	9170	7183	222	16575	44445
2.	पंचकर्म	7464	6341	299	14104	5848	5938	234	12020	26124
3.	शल्य तंत्र	15140	8324	605	24069	11054	5644	247	16945	41014
4.	शालाक्य तंत्र	7041	7410	1639	16090	3920	3644	835	8399	24489
5.	प्रसूति एवं स्त्री रोग	362	8517	129	9008	239	5521	64	5824	14832
6.	बाल रोग	946	565	4524	6035	459	415	3160	4034	10069

7.	स्वस्थवृत्त	2309	1461	125	3895	1560	969	79	2608	6503
8.	मौलिक सिद्धान्त	3214	2629	213	6056	1960	2004	94	4058	10114
9.	रसशास्त्र	1445	698	43	2186	880	493	13	1386	3572
10.	द्रव्यगुण	1215	633	32	1883	803	465	6	1274	3157
11.	रोग एवं विकृति विज्ञान	4007	2909	202	7118	3571	2642	88	6301	13419
12.	अगद तंत्र	819	651	24	1494	495	460	10	935	2429
13.	शरीर क्रिया	5626	3199	233	9058	3075	1947	82	5104	14162
14.	शरीर रचना	1418	708	33	2159	1053	682	12	1747	3906
15.	प्राथमिक आत्ययिक चिकित्सा इकाई	771	365	20	1156	0	0	0	0	1156
16.	प्रतिक्षारत	6945	6152	1143	14240	1	4	1	6	14246
17.	एच.वी.	49	52	10	111	29	24	4	57	168
	Total	**75376**	**61312**	**9844**	**146532**	**44117**	**38005**	**5151**	**87273**	**233805**

अन्तरंग रोगी विभाग (आईपीडी)

शय्याओं की कुल संख्या 300 रही है जिनमें से 280 शय्यायें एनआईए कैम्पस हॉस्पीटल के अन्तरंग विभाग में है तथा 20 शय्यायें एनआईए सिटी हॉस्पिटल में अवस्थित है । शय्याओं का आवंटन सभी विभागें में निम्न प्रकार किया गया है :-

क्र. सं.	विभाग	शय्याओं का आवंटन			
		पुरुष	महिला	बालक	योग
1.	कायचिकित्सा	36	20	0	56
2.	पंचकर्म	38	10	0	48
3.	शल्य	38	10	0	48
4.	शालाक्य	26	8	0	34
5.	प्रसूति	0	48	0	48
6.	बालरोग	0	0	38	38
7.	स्वस्थवृत्त	2	1	0	3
8.	मौलिक सिद्धान्त	6	1	0	7
9.	रसशास्त्र	1	1	0	2
10.	द्रव्यगुण	1	1	0	2
11.	रोग विज्ञान	3	1	0	4
12.	अगद तंत्र	1	1	0	2
13.	शरीर रचना	2	1	0	3
14.	शरीर क्रिया	4	1	0	5
	योग :	**158**	**104**	**38**	**300**

आलोच्य वर्ष के दौरान, अन्तरंग रोगी विभाग में 78,570 रोगियों की चिकित्सा की गई जिनमें से 5,629 रोगी नवीन थे । शय्याओं की अधिभोग दर 71.75% रहीं । अन्तरंग रोगी विभाग के स्तर पर चिकित्सा किये गये रोगियों की स्थिति निम्न प्रकार है:-

क्र.	विभाग	नवीन	पुरातन	महायोग

सं.		पुरुष	महिला	बालक	योग	पुरुष	महिला	बालक	योग	
1.	कायचिकित्सा	391	333	2	723	8066	7285	230	15581	16307
2.	पंचकर्म	621	550	21	1192	11147	9725	457	21329	22521
3.	शल्य	1003	324	31	1358	7864	2875	175	10914	12272
4.	शालाक्य	154	143	27	324	1169	1355	353	3477	3801
5.	प्रसूति	1	1097	2	1100	0	7663	7	7670	8770
6.	बालरोग	3	10	403	416	54	228	4038	4320	4736
7.	स्वस्थवृत्त	3	2	0	5	34	8	0	42	47
8.	मौलिक सिद्धान्त	100	60	12	172	2205	1036	682	3923	4095
9.	रसशास्त्र	13	5	0	18	300	174	0	474	492
10.	द्रव्यगुण	3	1	0	4	65	5	0	70	74
11.	रोग विज्ञान	44	48	1	93	830	467	3	1300	1393
12.	अगद तंत्र	52	12	0	64	1040	160	0	1200	1264
13.	शरीर रचना	74	57	3	134	1559	665	40	2264	2398
14.	शरीर क्रिया	16	7	0	23	205	172	0	377	400
	Total:	**2478**	**2649**	**502**	**5629**	**35138**	**31818**	**5985**	**72941**	**78570**

संधिवात(Arthritis), भगन्दर(Fistula), कटिशूल(Lumbago), आमवात(Rheumatoid Arthritis), ज्वर(Fever), पक्षाघात(Paralysis), पाण्डु रोग(Anaemia), अर्श(Piles), गृध्रसी(Sciatica), उदरशूल(Abdomen Pain), तमक श्वास(Bronchial Asthma), विबन्ध (Constipation), कास(Cough), मधुमेह(Diabetes Mellitus), मूत्रविकार(Urinary Disorders), श्वेतप्रदर(Leucorrhoea), अतिसार(Diarrhoea), अम्लपित्त(Hyper Acidity), प्रदर(Menorrhagia), मानसरोग(Mental Disorders), हृदरोग(Heart Disease), कामला(Jaundice), वृक्काश्मरी(Renal Calculi), भ्रम(Vertigo), उच्च रक्तचाप(Hyper Tension), नाडीदौर्बल्य एवं एमएनडी आदि प्रमुख रोगों के रोगियों की चिकित्सा की गई ।

कॉटेज, क्युबिकल तथा डीलक्स वार्ड्स

चिकित्सालय में 2 वातानुकूलित डीलक्स वार्ड, 4 वातानुकूलित क्युबिकल वार्ड तथा 5 कॉटेज वार्ड रू. 700/-, रू. 450/- तथा रू. 250/- के दैनिक प्रभार पर क्रमशः उपलब्ध है । हर समय यहाँ इन वार्ड्स की अच्छी मांग बनी रहती है ।

लेबर रूम एवं गायनेकोलोजिकल ऑपरेशन थियेटर

संस्थान चिकित्सालय में स्त्री रोग एवं प्रसूति तंत्र प्रक्रियाओं हेतु ऑपरेशन थियेटर एवं लेबर रूम स्थित है । इस ऑपरेशन थियेटर में लघु एवं वृहत शल्यकर्मो हेतु नवीनतम विभिन्न यत्रों एवं उपकरण उपलब्ध है । । आलोच्य वर्ष के दौरान, 6658 आयुर्वेदिक प्रक्रियाऐं यथा पिचु, पोटली, उत्तरबस्ति, मर्म बस्ति आदि सम्पन्न की गई तथा ऑपरेशन थियेटर में सम्पन्न की गई शल्य प्रक्रियाओं की संख्या निम्न प्रकार से है :-

क्रम संख्या	प्रक्रियाऐं	संख्या
1.	सामान्य प्रसव	72
2.	एलएससीएस	26
3.	कॉपर-टी इनसर्शन/रिमूवल	19
4.	अन्य गायनेकोलोजिकल	8
5.	हिस्ट्रेकटॉमी	6

शल्य ऑपरेशन थियेटर

रोगियों के विभिन्न शल्यकर्म करने हेतु नवीनतम विभिन्न यत्रों एवं उपकरण से सुसज्जित पृथक से शल्यकर्मागार है । आलोच्य वर्ष के दौरान, शल्यकर्मागार में सम्पन्न किये गये शल्यकर्मो की संख्या निम्न प्रकार से है :-

क्रम संख्या	प्रक्रियाऐं	संख्या
1.	बंधनकर्म - ड्रेसिंग	19565
2.	सामान्य शल्य कर्म	821
3.	अग्निकर्म	677
4.	जलौकावचरण	641
5.	क्षारसूत्र	518
6.	क्षारकर्म	189
	योग -	**22411**

रोगियों को आहार (पथ्य)

चिकित्सकों के परामर्शानुसार रोगियों को पौष्टिक आहार, फल, दुग्ध आदि नि:शुल्क प्रदान किये गये ।

पथ्य क्रमांक	पथ्य का विवरण	दुग्ध	फल
नं. 1	रोटी, दाल (मूंग) सब्जियाँ	250 मि.ली.	200 ग्राम
नं. 2	दलिया, दाल(मूंग)	500 मि.ली.	200 ग्राम
नं. 3	चावल-खिचड़ी, दाल(मूंग)	500 मि.ली.	200 ग्राम
नं. 4	जौ का दलिया, जौ की रोटी	250 मि.ली.	200 ग्राम
नं. 5	पर्पटी कल्प	1-10 लीटर चिकित्सक के निर्देशानुसार	-
नं. 6	.	500 मि.ली.	500 ग्राम
नं. 7	संसर्जन कर्म	चिकित्सक के निर्देशानुसार	-

एनआईए सिटी होस्पिटल

20 शय्याओं युक्त यह चिकित्सालय मुख्य परिसर से 4 कि.मी. दूर शहर की हृदय स्थली में स्थित है । चिकित्सालय में पृथक् से बहिरंग विभाग अवस्थित है जहां विभिन्न विभाग - कायचिकित्सा, पंचकर्म, शल्य तंत्र, शालाक्य तंत्र, रोग एवं विकृति विज्ञान, शरीर रचना, शरीर क्रिया, रस शास्त्र एवं भैषज्य कल्पना, मौलिक सिद्धान्त, द्रव्य गुण, स्वस्थ वृत्त, स्त्री एवं प्रसूति रोग तथा बालरोग विभाग - रोगियों को अपनी सेवायें प्रदान कर रहे हैं। रोगियों को चिकित्सा सुविधायें तथा औषधियाँ तथा स्वास्थ्यवर्धक पथ्य जहाँ तक संभव हो नि:शुल्क उपलब्ध है। इस चिकित्सालय में सेन्ट्रल लैबोरेटरी के विस्तार केन्द्र के रूप में एक पैथालोजिकल लैबोरेटरी-कम-सैम्पल कलेक्शन सेन्टर जिसमें रोगियों के पैथालोजिकल टेस्ट (एक्स-रे, रक्त जाँच, मूत्र जाँच आदि) किये जाने की सुविधा उपलब्ध है । अधिक जाँचों हेतु रोगियों को सैन्ट्रल लैबोरेटरी में रेफर किया जाता है । मधुमेह, तमकश्वास, अम्लपित्त, प्रतिश्याय, कास, संधिवात, आमवात, वातरक्त, संधिशूल, पक्षाघात, चिकुनगुनिया, अर्श, परिकर्तिका, श्वेतप्रदर, अजीर्ण, विबन्ध, मूत्रकृच्छ्र, प्रमेह, उच्चरक्तचाप, स्थौल्य, स्नायु दौर्बल्य, शुक्रमेह, अवसाद, श्वित्र, त्वकविकार, ज्वर, अतिसार, ग्रहणी, प्रवाहिका, आनाह, पाण्डु, कामला, खालित्य, पालित्य, दद्रु, युवान पिड़िका, गृध्रसी, कटिशूल आदि के रोगियों की चिकित्सा की गई ।

सेटेलाईट चिकित्सालय

संस्थान का सेटेलाइट चिकित्सालय, जयपुर के महत्त्वपूर्ण व्यावसायिक एवं आवासीय क्षेत्र जवाहर नगर में स्थित है जो कि रोगी परिचर्यात्मक गतिविधियाँ प्रदान कर रहा है । सेटेलाइट चिकित्सालय में नि:शुल्क परामर्श एवं औषधियाँ प्रदान की जाती है । चिकित्सालय का प्रबन्ध विभिन्न विभाग - मौलिक सिद्धान्त, शरीर रचना, रोग एवं विकृति विज्ञान, रस शास्त्र एवं भैषज्य कल्पना, शल्य तंत्र तथा कायचिकित्सा विभाग - द्वारा किया जाता है । मधुमेह, ज्वर, कास, संधिशूल, कटिशूल, उदरविकार, त्वक विकार, अर्श, भगन्दर, अम्लपित्त, गुल्म, आमाजीर्ण आदि के रोगियों की चिकित्सा की गयी।

प्राथमिक आत्ययिक चिकित्सा इकाई

चिकित्सालय में आन्तरिक आत्ययिक चिकित्सा आवश्यकता की पूर्ति हेतु 24 घण्टे एक आत्ययिक चिकित्सा इकाई चलाई जा रही है । आलोच्य वर्ष के दौरान, 1,156 रोगियों की चिकित्सा की गई तथा मासिक औसतन 87 रोगियों की चिकित्सा की गई । इस इकाई में जीवन-रक्षक औषधियों के साथ आयुर्वेदिक औषधियाँ तथा ऑक्सीजन तथा अन्य उपकरण चालू हालत में रखे जाते हैं । इसका 24 घण्टे प्रबन्ध विभिन्न विभागों के अध्यापकों द्वारा किया जाता है जिसमें स्नातकोत्तर तथा पीएच.डी. अध्येताओं द्वारा सहायता की जाती है । आलोच्य वर्ष के दौरान, COAD (क्रोनिक ऑब्सट्रेक्टिव एयरवे डिज़िज), मधुमेह, उच्च रक्तचाप, गैस्ट्रो एन्टेराइटिस, अतिसार, निर्जलीकरण, हेमोरिह्जे, ट्रॉमा, रिटेंशन यूरिन आदि से पीड़ित रोगियों के रोगों का प्रबन्ध एवं चिकित्सा की गई ।

उप-चिकित्सा-अधीक्षक आवासीय चिकित्सा अधिकारी तथा सम्बन्धित चिकित्सकों के साथ उचित उपचार, विभिन्न सेवाओं आदि को सुनिश्चित करने के लिए नियमितरूप से चिकित्सालय का निरीक्षण करते हैं । निरीक्षण के दौरान, इनके द्वारा रोगियों के हिस्ट्री कार्ड, निदान रिपोर्ट, दिया जा रहा उपचार, सुधार आदि की जाँच करते हैं तथा जहाँ कहीं आवश्यक हो उचित स्वास्थ्य देखभाल के लिए निर्देश प्रदान करते हैं । रोगियों को चौबीसों घंटे एवं आपातकालीन फोन पर संभालने के लिए पर्याप्त मात्रा में प्रबन्ध किये गये हैं। चिकित्सालय में स्वच्छता बनाये रखने हेतु विशेष ध्यान दिया गया । रात्रि ड्यूटी हेतु पर्याप्त मात्रा में स्टॉफ नियुक्त किया जाता है एवं रोगियों की किसी भी आपात स्थिति के प्रबन्ध हेतु औषधियों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित की जाती है। चिकित्सकों के परामर्शानुसार रोगियों को आहार दिया जाता है तथ प्रत्येक दिन इसकी जाँच की जाती है एवं इसकी किस्म, मात्रा एवं स्वच्छता का सुनिश्चियन किया जाता है।

चिकित्सालय एवं वार्ड्स का निदेशक द्वारा उपाधीक्षक (चिकित्सालय), आवासीय चिकित्साधिकारी, सहायक आवासीय चिकित्साधिकारी आदि के साथ नियमित निरीक्षण किये गये तथा रोगियों की समस्यायें एवं परिवेदनाऐं सहानुभूतिपूर्वक सुनी गयी । रोगियों की परिवेदनाओं के निराकरण हेतु सम्बन्धित स्टॉफ को आवश्यक निर्देश दिये गये । निदेशक द्वारा औचक निरीक्षण भी किये गये ।

ई-होस्पिटल सेवाऐं

संस्थान द्वारा 1-10-2016 को ई-होस्पिटल सेवाऐं प्रारम्भ की गई । जन सामान्य को चिकित्सालय सेवाओं के जरिये परामर्श से लाभान्वित करने के लिए संस्थान ई-होस्पिटल सेवाओं के तहत पंजिकृत हो गया है । ओपीडी सुविधाऐं पहले से ही कमप्युटराइज्ड हो चुकी हैं तथा इन्हें आईपीडी स्तर पर विस्तारित किया जायेगा ।

विशिष्ठ नैदानिक सेवायें

नशामुक्ति केन्द्र

संस्थान में नशामुक्त समाज के उद्देश्य से 17-12-2016 को नशामुक्ति केन्द्र का प्रारंभ किया गया । नशीली दवाओं पर निर्भर रोगियों को उचित परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया । तम्बाकू, धूम्रपान, शराब पीने के आदि लोगों को पूर्ण चिकित्सा प्रदान की गई । इनमें से अधिकांशत लोगों ने केन्द्र द्वारा प्रदान की गई चिकित्सा के प्रति संतोष व्यक्त किया ।

पंचकर्म इकाई -

संस्थान परिसर में विभिन्न पंचकर्म प्रक्रियाओं यथा - स्नेहन स्वेदन, वमन, विरेचन, अनुवासन, बस्ति यंत्रों युक्त एक पृथक से स्टेट-ऑफ-आर्ट पंचकर्म इकाई है । गणमान्य व्यक्तियों एवं अतिविशिष्ट व्यक्तियों को पंचकर्म उपचार प्रदान करने हेतु पृथक से सुन्दर कक्ष एवं चैम्बर्स है ।

पैरा-सर्जिकल प्रोसिजर्स

व्याधियों की चिकित्सा हेतु पैरा-सर्जिकल प्रक्रियाओं की विशिष्ठ तकनीकें यथा - क्षारकर्म, क्षारसूत्र, अग्निकर्म, रक्तमोक्षण, जलौकावचरण, सिरावेधन आदि अपनायी जा रही है । ये तकनीकें अर्श एवं भगन्दर की चिकित्सा में अधिक लोकप्रिय है ।

अनुर्जता इकाई

चिकित्सालय में अनुर्जता इकाई अवस्थित है जिसमें विभिन्न प्रकार की अनुर्जता से पीड़ित रोगियों की चिकित्सा की जाती है । संस्थान की रसायन शाला में निर्मित पुष्करमूलादियोग सहित औषधियाँ रोगियों को ओपीडी के माध्यम से नि:शुल्क वितरित की जा रही है ।

बाल मानसिक स्वास्थ्य इकाई

बालकों में विभिन्न मानसिक विकृतियों यथा - अटेंशन डेफिसीट, हाइपरएक्टिव डिसॉर्डर्स (एडी/एचटी), मेन्टल रिटॉर्डेशन, शैक्षणिक तनाव/स्मृति सम्बन्धित विकृतियाँ आदि हेतु विशिष्ट चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध है। देश के विभिन्न स्थानों से इस इकाई में रोगी आते हैं ।

योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा इकाई

संस्थान के स्वस्थवृत्त विभाग में पृथक से एक योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा इकाई है जहाँ रोजाना जनसामान्य एवं रोगियों के स्वास्थ्य संवर्द्धन हेतु योग एवं प्राणायाम कराये जाते हैं । विबन्ध, उदररोग, शि:शूल, कटिशूल, रक्तविकार, अंगमर्द, स्तब्धता, शोथ, नेत्र प्रदाहशूल, अनिद्रा, प्रमेह आदि के रोगियों को विशेष मिट्टी चिकित्सा एवं जल चिकित्सा उपलब्ध कराई जा रही है । रोगियों के लाभार्थ विभिन्न आसन, प्राणायाम, कुञ्जल, सूत्र नेति, वस्त्र धौति, कटि स्नान आदि नियमित रूप से कराये जाते है ।

दन्त इकाई

इस इकाई द्वारा दंत रोगों यथा - डेन्टल केरिज, पायरिया, जींजीविटिज़ आदि की जांच एवं चिकित्सा की जाती है । खराब हुये दांतों को निकालने, दांतों का शल्कन एवं साफ-सफाई आदि कर्म नियमित किये जाते हैं ।

रिहेबिलीटेशन एवं फिजियोथेरेपी इकाई

संस्थान से चिकित्सा प्राप्त कर रहे नाड़ीतंत्र सम्बन्धित विकृतियों से पीड़ित रोगियों के प्रबन्ध के लिए यहां एक रिहेबिलीटेशन तथा फिजियोथेरेपी इकाई है । रोगियों के लाभार्थ यह इकाई आवश्यक मशीनों तथा यंत्रों यथा कॉमर्शियल ट्रेड मील, क्रॉस ट्रेनर (साइकिलिंग), बॉड़ी सॉलिड़, टेन स्टेशन मल्टी जिम, पॉवर प्लेट (बॉडी मसाज, वेट रिड्यूसर) आदि से युक्त है ।

हीमेटोलॉजी बायोकेमेस्ट्री इकाई

5 पोर्ट हीमेटोलॉजी अनालाइजर तथा पूरी तरह से स्वचालित जैव रसायन विश्लेषक जैसे उपकरणों से सुसज्जित इकाई केन्द्रीय प्रयोगशाला में है । इसका प्रयोगशाला में 200 से अधिक नैदानिक जाँचों के शुद्धता आधारित सरल एवं त्वरित परिणाम प्राप्त करने में लाभ प्राप्त हो रहा है।

विशिष्ट इकाई : पूर्व-मधुमेह, मधुमेह एवं चयापचय सिंड्रोम

मधुमेह के प्रबन्धन, निवारण एवं संवर्द्धन पहलुओं पर परामर्श एवं रोगियों के उपचार हेतु पूर्व-मधुमेह, मधुमेह एवं चयापचय सिंड्रोम हेतु विशिष्ट चिकित्सा इकाई है । विशेषरूप से विभिन्न चरणों में मधुमेह के लिए तैयार औषधियाँ भी तैयार कर वितरित की जा रही है ।

यूरोफ्लोमीटरी प्रयोगशाला

संस्थान द्वारा समय के साथ मूत्र के प्रवाह की दर की गणना करने के लिए तथा कम मूत्र मार्ग की स्थिति के बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारी देने हेतु संस्थान में यूरोफ्लोमीटरी प्रयोगशाला है । यह प्रयोगशाला ऑब्सट्रक्टिव यूरोपैथी विकारों एवं पौरुष ग्रन्थि की वृद्धि का पता लगाने में भी उपयोगी है ।

केन्द्रीय प्रयोगशाला

संस्थान के चिकित्सालय में बहिरंग, अन्तरंग व शोध के अन्तर्गत लिये गये विभिन्न नैदानिक परीक्षण की पूर्ति हेतु एक केन्द्रीय प्रयोगशाला है । हीमेटोलॉजिकल टेस्ट, मूत्र जाँच, बायोकेमीकल टेस्ट, सीरोलॉजिकल टेस्ट्स, सोनोग्राफी, एक्स-रे, ईसीजी, टीएमटी आदि नैदानिक परीक्षण की सुविधायें रोगियों को उपलब्ध करायी जाती है । प्रयोगशाला में विभिन्न प्रकार के परिष्कृत यन्त्र एवं उपकरण उपलब्ध है । छात्र एवं अध्येताओं द्वारा भी उनके प्रशिक्षण के क्रम में उपरोक्त नैदानिक परीक्षण किये जाते हैं ।

एससीपी तथा टीएसपी स्कीम – अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों में चिकित्सा सहायता

संस्थान में 1983–84 से एससीपी एवं टीएसपी योजनायें लागू कर रहा है जिसके लिए इन दो घटकों के लिए योजना आवंटन में हर वर्ष पृथक से बजट प्रावधान करता है । संस्थान राजस्थान के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति बहुल दर्जनभर जिलों के दूरदराज गांवों/पंचायत समितियों आदि में चल–चिकित्सा शिविरों का आयोजन कर नि:शुल्क परामर्श, स्वास्थ्य परीक्षण, औषधियों का वितरण, आदि कर रहा है ।

योजनान्तर्गत, संस्थान 1 दिवस से 6 दिवस की अवधि के चिकित्सा शिविर, चल–चिकित्सा इकाई के माध्यम से राजस्थान के विभिन्न जिलों यथा – उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, सिरोही, जालौर, बाड़मेर, जैसलमेर, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़ तथा जयपुर के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में चिकित्सा शिविर लगाकर चिकित्सा लाभ पहुँचा रहा है । इस इकाई के प्रभारी एक एसोसियेट प्रोफेसर है। वर्ष के दौरान, उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, सिरोही, जैसलमेर, अजमेर, सीकर, जालौर, चूरु, टोंक, अलवर एवं जयपुर जिलों के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति बाहुल्य वाले गांवों व कस्बों में 50 शिविरों का आयोजन किया गया। रोगियों को रू. 77,76,268/- लाख की नि:शुल्क औषधियाँ वितरित की गई । 48,871 रोगी लाभान्वित हुये । इन शिविरों में विभिन्न विभागों के संकाय–सदस्यों, पैरा–मेडिकल स्टॉफ तथा स्नातकोत्तर अध्येताओं द्वारा भाग लिया गया । आलोच्य वर्ष के दौरान योजना मद में रू. 300 लाख उपलब्ध कराये गये ।

केन्द्रीय सुविधायें एवं सेवाऐं

रसायनशाला

संस्थान की रसायनशाला जीएमपी सर्टिफाइड है जिसमें चिकित्सालय व शोध कार्यो की आवश्यकतानुसार विभिन्न प्रकार की औषधियों के निर्माण का कार्य किया जाता है । औषध निर्माण के लिए अपनाई जाने वाली आदर्श प्रक्रियाओं का पूर्णरूप से पालन किया जाता है । औषधियों में गुणवत्ता मानक बनाये रखने हेतु औषध-निर्माण के सभी चरणों में गुणवत्ता नियंत्रण पद्धतियाँ अपनायी जाती है । औषध उत्पादों के निर्माण के दौरान मानक स्वस्थकर वातावरण एवं सुधारात्मक गुणवत्ता बनाये रखी जाती है। रसायनशाला रसशास्त्र एवं भैषज्य कल्पना विभाग से सम्बद्ध है । विभाग के एक एसोसियेट प्रोफेसर द्वारा रसायनशाला में प्रबन्धन एवं निर्देशन किया जाता है तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के छात्रों को आयुर्वेदीय पद्धति से औषध निर्माण का प्रायोगिक अध्ययन-अध्यापन कराया जाता है । विभिन्न योगों में प्रयुक्त किये जाने वाले घटकों की गुणवत्ता बनाये रखने पर विशेष ध्यान दिया जाता है । इस प्रकार रसायनशाला में औषध निर्माण पूर्णतया शुद्ध आयुर्वेदीय शास्त्र प्रक्रियानुसार किया जाता है । विशेषत: भैषज्य रत्नावली, रसयोग सागर, सिद्ध योग संग्रह, सिद्ध भैषज मणिमाला, योग रत्नाकर, भाव प्रकाश, शार्ङ्गधर संहिता इत्यादि ग्रन्थों के अनुसार औषध निर्माण किया जाता है । इसके अतिरिक्त कुछ अनुभूत योग आयुर्वेदीय पारम्परिक विधि से बनाये जाते हैं ।

रसायनशाला आधुनिक उपकरणों एवं मशीनों से युक्त है यथा - माइक्रो पल्वराइज़र, डिसइन्टीग्रेटर, शिफ्टर, मिक्सर, मिनी पल्वराइज़र, पाउचिंग मशीन, कटिंग चौपिंग मशीन, ड्रॉयर, ड्रानुलेटर, टेबलेट, मैकिंग मशीन, स्ट्रीप पैकिंग मशीन, इलैक्ट्रिक फरनान्स, जूसर, बोटल वॉशिंग मशीन, मास मिक्सर, वेट ग्राइण्डर, डीहूमिडिफायर, स्क्रबर, ड्रॉयर, वैक्यूम क्लीनर आदि । कार्य में प्रयुक्त किये जाने वाले पारम्परिक यंत्र भी उपलब्ध है एवं निर्माण विधि में जहाँ कहीं भी इसके अतिरिक्त बनाई जा रही औषधियाँ, सामान्य चिकित्सा में प्रयोग में ली जाती है । पीएच.डी. एवं स्नातकोत्तर अध्येताओं के शोध के दृष्टिगत मांग पर विशिष्ट औषधियों का रसायनशाला में निर्माण किया जाता है । ये औषधियाँ सम्बन्धित शोध अध्येता की उपस्थिति में, औषध घटकों, विधि निर्माण प्रक्रिया में पूर्ण सावधानी रखते हुये, बनायी जाती है ।

